संस्थापित : 28 फरवरी, 1997

# कमलनिष्ठा

## संस्थान

प्रवेश विवरणिका

2018-19

कोलसिया, नवलगढ़ - 333 042

झुन्झुनू, राजस्थान, भारत

## श्रीमती रामादेवी महिला महाविद्यालय

( कला एवं विज्ञान संकाय में त्रिवर्षीय स्नातक महिला महाविद्यालय )

## स्वतंत्रता सैनानी चौधरी बेगाराम निजी आई.टी.आई.

( इलेक्ट्रीशियन, फीटर, ड्राफ्टसमैन सिविल, मैकेनिक डीजल के लिए एनसीवीटी अनुमोदित )

## कमलनिष्ठा विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय

( कला एवं विज्ञान संकाय में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर से सम्बद्ध )

## कमलनिष्ठा - ओडीएल

( विद्यालयी एवं उच्च शिक्षा के लिए मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम )

## कमलवाणी 90.4 एफएम

( सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार से लाइसेन्स प्राप्त सामुदायिक रेडियो स्टेशन )

Kamalvani


कमलवाणी
90.4 FM
90.4 FM
KV
Radio



# संस्थापक संदेश

कमलनिष्ठा संस्थान, गरीब एवं हाशिये पर जीवनयापन करने वाले लोगों के उत्थान हेतु कार्य करने वाला सामुदायिक स्वयंसेवी संगठन है। इस संगठन को राजस्थान सहकारी समिति पंजीकरण अधिनियम 1958, एनजीओ–पीएस पोर्टल तथा एफसीआरए के अन्तर्गत पंजीकृत एवं भारतीय आयकर अधिनियम की धारा 12 ए तथा 80 जी–5 के तहत आयकर से छूट प्राप्त है। प्रत्येक व्यक्ति, समाज एवं देश के विकास में योगदान करें, अपने वर्तमान एवं भविष्य का निर्माण कर अपनी क्षमता का अधिकतम उपयोग कर सके, इस हेतु उचित वातावरण प्रदान करने के लिए संस्थान योजनाबद्ध ढंग से कार्य करती है।

संस्थान ने कार्यक्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए औपचारिक शिक्षा के साथ ही जीवनोपयोगी व्यावसायिक एवं सामाजिक कौशलों के विकास के लिए विभिन्न स्थायी विभागों की स्थापना की है। सर्वप्रथम सन् 1997 में कमलनिष्ठा विद्या निकेतन प्राथमिक विद्यालय (हिन्दी माध्यम) की स्थापना की गयी, जो कि आज कला एवं विज्ञान संकाय में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर से सम्बद्धता प्राप्त उच्च माध्यमिक स्तर का विद्यालय है। संस्थान ने आरंभकाल से ही ''रिचर्ड टू अनरिचर्ड'' के संप्रत्यय को लेकर राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, आईएएसई विश्वविद्यालय तथा जैन विश्वभारती मान्य विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र आरंभ किये। व्यावसायिक शिक्षा के निमित्त सन् 2009 में सह–संस्था द्वारा एनसीवीटी से मान्यता प्राप्त कर इलेक्ट्रीशियन, फीटर, मैकेनिक डीजल तथा ड्राफ्टसमैन सिविल ट्रेड के प्रशिक्षण हेतु स्वतंत्रता सैनानी चौधरी बेगाराम आई.टी.आई की शुरूआत की गयी। संस्थान ने कार्य को विस्तार देते हुए सन् 2012 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार से लाईसेन्स प्राप्त कर कमलवाणी सामुदायिक रेडियो 90.4 एफएम स्थापित किया सन् 2013 में कमलनिष्ठा विद्या निकेतन में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई आरम्भ हुई तथा इस ग्रामीण ईलाके की बालिकाओं की उच्च शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए सन् 2017 में कला एवं विज्ञान संकाय में श्रीमती रामादेवी महिला महाविद्यालय की स्थापना की।

यह संस्थान प्रत्येक विभाग को अपने स्वतंत्र भवन में संस्थापित करने तथा अत्याधुनिक तकनीकी, इन्टरनेट प्रयोगशाला, वाई–फाई सुविधा और समस्त सुविधाओं से युक्त ग्रामीण क्षेत्र के विशालतम पुस्तकालय स्थापित करने तथा नियमानुसार उचित टैक एवं पैवेलियन सुविधायुक्त विशाल खेल मैदान की व्यवस्था करने के लिए तत्पर है। इसके अलावा बैडमिन्टन, बास्केटबॉल, टेनिस, बॉलीबाल, हैण्डबॉल का मैदान भी विकसित करने के लिए कटिबद्ध है। महाविद्यालय विद्यार्थियों के रोजगार आदि के अवसर प्रदान करने के लिए प्लेसमेंट सैल एवं रोजगार मेलों का भी समय–समय पर नियमित आयोजन करवाने की योजना के लिए प्रतिबद्ध है।

संस्थान के विभागों के पास उपलब्ध अकादमिक योग्यताओं, संसाधनों, पाठ्यगत एवं पाठ्य–सहगामी गतिविधियों के साथ भविष्य की आशाओं एवं सपनों को साकार करने के निमित इस नये सत्र में नित–नई उंचाईयों की ओर बढ़ने के लिए आइये, आपका शुभकामनाओं सहित स्वागत है।

डॉ. धर्मपाल सिंह

## विजन

सर्वोत्तम गुणवत्तापूर्ण अध्ययन केन्द्र का निर्माण करना।

## मिशन

- स्थानीय समुदाय में उच्च शिक्षा का प्रसार करना।
- विशेषकर महिला समुदाय को परम्परागत, आधुनिक एवं व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध करवाना।
- विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनाना।
- महिलाओं का सामाजिक स्तर एवं सम्मान बढ़ाना।
- जिम्मेदार, समझदार एवं होशियार नागरिकों का निर्माण करना।
- महिलाओं को सामाजिक अन्याय एवं कुरीतियों से स्वतंत्र करना।
- जनजागृति द्वारा स्थानीय समुदाय को संरक्षित करना।

## लक्ष्य एवं उद्देश्य

इस संस्थान का आगाज ग्रामीण तकनीक एवं शिक्षा में उत्कृष्टता, व्यावसायिक उपागमों में नवाचार, बौद्धिक संपदा संबंधी कानूनन उपाय, पर्यावरण एवं कृषि विकास, उपभोक्ता संरक्षण, नागरिक अधिकार, सामाजिक कुरीति निवारण, विकलांग व्यक्तियों का कल्याण, ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य चेतना, स्वयं सहायता संगठनों का प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं विकास, मद्य–निषेध, रोजगारपरक गतिविधियां, वृद्धाश्रम, शुद्ध पेयजल, कुटीर उद्योग–धन्धों का विकास आदि तथा सूचना, तकनीकी स्रोत, मार्गदर्शन, सांस्थानिक सहभागिता, व्यक्ति अध्ययन पर बल देने के लिए कार्य करने के महान् संकल्प के साथ किया गया है। इस संस्थान का मूल लक्ष्य स्थानीय गरीब, पिछड़े एवं मध्यम वर्ग में मान व कल्याण के लिये उच्च शिक्षा का विस्तार करना है। संस्थान के मुख्य उद्देश्य हैं–

- स्वस्थ शरीर एवं उत्तम विचारों द्वारा समन्वित एवं शिष्ट व्यक्तित्वों का निर्माण करना।
- विद्यार्थियों में मधुर आदतों, अनुशासन का भाव एवं समय की पाबन्दी सृजित करना।
- आदर्श एवं जिम्मेदार नागरिकता के विकास के लिए आवश्यक भौतिक एवं नैतिकता का प्रशिक्षण देना।
- विद्यार्थियों में सहनशीलता, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी की भावना का विकास करना।
- विद्यार्थियों का सामाजिक स्तर एवं सम्मान तथा लैंगिक समानता का भाव कायम करना।
- महिलाओं को तमाम प्रकार की सामाजिक कुरीतियों, अन्याय एवं बुराइयों से स्वतंत्र करना।

# श्रीमती रामादेवी महिला महाविद्यालय, कोलसिया

( पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर से सम्बद्ध )

संस्थान के कार्यो को बल प्रदान करते हुए भारत की आजादी की जंग में आजाद हिन्द फौज के यौद्धा रहे स्वतंत्रता सैनानी स्वर्गीय चौधरी बेगाराम जी की धर्मपत्नी श्रीमती रामादेवी के आशीर्वाद से कमलनिष्ठा संस्थान द्वारा अकादमिक श्रेष्ठता के निमित्त 01 अगस्त 2017 को कोलसिया गांव के प्रथम एवं एकमात्र महिला महाविद्यालय ''श्रीमती रामादेवी महिला महाविद्यालय'' की स्थापना की गयी। इस महाविद्यालय की स्थापना चौधरी बेगाराम जी के स्वर्गवास होने के बाद 10 वर्ष में श्रीमती रामादेवी को प्राप्त हुई पेंशन की राशि से स्थानीय एवं आसपास के ईलाके की महिलाओं की उच्च शिक्षा का विकास करने के लिए की गयी है।



## स्नातक स्तर पर अध्ययन-अध्यापन के विषय

| पाठ्यक्रम | ऐच्छिक विषय समूह |
|---|---|
| **बी.ए. सामान्य** | निम्नांकित तीनों समूह में से एक–एक विषय लेना अनिवार्य है–<br>समूह अ. – हिन्दी साहित्य / अंग्रेजी साहित्य<br>समूह ब. – इतिहास / समाजशास्त्र / भूगोल<br>समूह स. – राजनीति विज्ञान / गृह विज्ञान |
| **बी.एस.सी. सामान्य** | निम्नांकित दोनों समूह में से कोई एक समूह लेना अनिवार्य है–<br>समूह अ. – रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, गणित<br>समूह ब.– रसायन शास्त्र, जन्तु शास्त्र, वनस्पति शास्त्र |

उक्त विषयों के अतिरिक्त हिन्दी, अंग्रेजी, पर्यावरण अध्ययन, कम्प्यूटर विज्ञान को भी अनिवार्य सामान्य विषय के रूप में अध्यापन करवाया जाता है।

### विषय परिवर्तन

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों की सीमा में विशेष परिस्थिति में 31 अगस्त तक विषय परिवर्तन स्वीकार किये जा सकेंगे, जो कि रू. 300 / – शुल्क के साथ लिखित आवेदन किये जाने पर ही हो सकेगा।




**चयन का तरीका एवं प्राथमिकतायें**

1. आवश्यक मूलभूत योग्यता
2. गरीब ग्रामीण युवा महिला
3. पहले आओ – पहले पाओ

**नोट-**

1. चयनित अभ्यर्थी निम्नांकित प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा करेंगे –

   अ. अंतिम अध्ययन की संस्था का चरित्र प्रमाण पत्र एवं स्थानान्तरण प्रमाण पत्र

   ब. कक्षा 10 एवं 12 की मूल अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र

   स. निवास प्रमाण पत्र की फोटोस्टेट प्रति – आधार कार्ड, राशन कार्ड/वोटर पंजीकरण कार्ड आदि, मूल दस्तावेज छात्रा को श्रीमती रामादेवी महिला महाविद्यालय छोड़ने तथा समस्त देनदारियां जमा करवाने पर ही वापस दिये जा सकेंगे।

**फोटोग्राफ एवं पहचान कार्ड**

1. रंगीन फोटोग्राफ्स – पासपोर्ट साईज – 3, टिकट साईज – 3
2. प्रत्येक छात्रा को एक पहचान कार्ड जारी किया जायेगा, जिसे संस्था में प्रत्येक अवसर पर साथ लाना आवश्यक होगा।

## फीस

| मद | प्रवेश शुल्क | ट्यूशन फीस | परिचय पत्र | खेलकूद | विकास शुल्क | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बी.ए. ( प्रति वर्ष ) | 500 | 6000 | 50 | 100 | 350 | 7000 |
| बी.एस.सी. ( प्रति वर्ष ) | 500 | 9000 | 50 | 100 | 350 | 10,000 |

## फीस किश्तें

| कक्षा | प्रथम किश्त ( प्रवेश के समय ) | द्वितीय किश्त ( 15 अक्टूबर तक ) | तृतीय किश्त ( 20 फरवरी तक ) | कुल शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| बी.ए. | 3000 | 2000 | 2000 | 7000 |
| बी.एस.सी. | 4000 | 3000 | 3000 | 10,000 |

**नोट**

1. फीस राशि जमा करवाने की रसीद कार्यालय से तत्काल ही प्राप्त करें, रसीद के अभाव में जमा करवायी गयी फीस मान्य नहीं होगी।

1. फीस राशि निर्धारित तिथि को अथवा उससे पूर्व जमा करनी होगी।

2. निर्धारित तिथि तक फीस जमा नहीं करवाने पर संस्था द्वारा निर्धारित अर्थदण्ड प्रतिदिन के हिसाब से देना होगा।

3. देय होने वाला शुल्क समय–समय पर संस्था परिवर्तित कर सकेगी तथा यह परिवर्तित राशि देय होगी।

**फीस/जमा राशि वापसी**

एक बार प्रवेश निश्चित होने एवं सीट तय हो जाने के बाद किसी भी स्थिति में जमा फीस/राशि वापस नहीं की जा सकेगी।

## पाठ्य सहगामी गतिविधि

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा सामाजिक मूल्यों के विकास के लिए ''हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड'' की गतिविधि के लिए महाविद्यालय का पंजीकरण करवाकर कार्य आरंभ किया है।

## खेलकूद गतिविधि







## प्रकाशन ( चर्चिका )

## अकादमिक समिति

महाविद्यालय की गुणवत्ता अकादमिक गतिविधियों के मार्गदर्शन एवं सफल संचालन के लिए अकादमिक समिति का गठन किया गया है।



## समय

शीतकाल – प्रातःकाल 9.00 बजे से सायंकाल 4.00 बजे तक
ग्रीष्मकाल – प्रातःकाल 8.00 बजे से सायंकाल 3.00 बजे तक

## ध्यान रखने योग्य बिन्दु

1. सभी विषयों की समय सारिणी का अनिवार्यत् ध्यान रखेंगे।
2. प्रत्येक विषय में 75 प्रतिशत उपस्थिति को पूरा करेंगे। समयबद्धता का पूर्ण ध्यान रखा जायेगा। देरी से आने वाले विद्यार्थियों को अभिभावक के लिखित स्पष्टीकरण के बिना कक्षा में नहीं बैठने दिया जायेगा।
3. संस्था की प्रत्येक अनुपस्थिति के लिए संबंधित अध्यापक एवं प्राचार्य से लिखित पूर्व स्वीकृति अनिवार्य होगी, चाहे वह सीमित समय के लिए ही हो।
4. संस्था के नियम, कानून, अनुशासन को मानने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।
5. किसी भी प्रकार की रैगिंग गतिविधि में संलग्न पाये जाने पर संस्था से तत्काल ही हटा दिया जायेगा।
6. यदि विद्यार्थी लगातार तीन महीने तक मासिक जांच–परख में अनुपस्थित रहता है, तो उसे तत्काल ही संस्था से निकाल दिया जायेगा।
7. संस्था परिसर के अंदर या बाहर झगड़ा करने, गाली–गलौज करने, संस्था की संपत्तियों को नुकसान पहुँचाने, आज्ञाहीनता होने, जानबूझकर असंगत व्यवहार करने, अभद्र शब्द बोलने अथवा निरंतर अनुपस्थित होने पर संस्था गंभीर अनुशासनिक कार्यवाही करेगी तथा छात्रा को संस्था से हटा दिया जायेगा।
8. किसी भी छात्रा द्वारा असंतोषजनक व्यवहार करने पर सुधार हेतु प्रथम बार मौखिक चेतावनी दी जायेगी। इस पर भी सुधार नहीं करने पर छात्रा एवं उसके अभिभावकों को लिखित चेतावनी प्रेषित की जायेगी। इस पर भी सुधार करने की बजाए गलतियों को दोहराने पर संस्था से सस्पेंड अथवा निकाला जा सकेगा। ऐसी स्थिति में विद्यार्थी को जमा करवायी गयी कोई भी फीस राशि वापस नहीं की जायेगी।

## अभिभावक–अध्यापक बैठक

संस्था में अध्ययनरत आपकी पुत्री/संरक्षिता के साथ प्रत्येक अभिभावक तीन महीने में कम से कम एक बार प्राचार्य से अवश्य ही मुलाकात कर बच्चे की प्रगति एवं सामान्य व्यवहार की जानकारी अवश्य ही प्राप्त करते रहे।

## वेशभूषा -

कुर्ता / बुशर्ट–गुलाबी रंग, सलवार / पेन्ट–काला रंग, चुन्नी–काला रंग, जुराब–गहरा नीला रंग, जुत्ता– काला रंग, बेल्ट एवं टाई ( महाविद्यालय द्वारा निर्धारित )

## उपस्थिति-

विश्वविद्यालय की परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रत्येक विषय में अलग–अलग 75 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य है।

## प्रवेश स्थानान्तरण/निरस्तता

निर्धारित दिवस तक केवल प्रथम वर्ष की समस्त फीस आदि जमा करवाने के बाद ही प्रवेश स्थानान्तरण / निरस्त करने की अनुमति है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्रवेश स्थानान्तरण / निरस्तता संभव नहीं होगा।

## छात्रवृत्ति

### अ. संस्थागत छात्रवृत्ति

मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को महाविद्यालय की ओर से निर्धारित छात्रवृत्ति प्रतिवर्ष दी जायेगी। इसका निर्धारण संस्था द्वारा गठित समिति द्वारा निश्चित किये गये नियमों के अनुसार किया जाता है। इसके अतिरिक्त अकादमिक, खेलकूद तथा अन्य पाठ्य–सहगामी गतिविधियों में विशेष उपलब्धि अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को भी समय–समय पर सम्मानित किया जाता है।

### ब. विभागीय छात्रवृत्ति

उक्त के अतिरिक्त केन्द्र / राज्य सरकार अथवा अन्य चैरिटेबल ट्रस्ट की और से देय होने वाली छात्रवृत्ति के लिए योग्यताधारी छात्राओं द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। इस हेतु समय–समय पर संबंधित विभाग अपने नियम प्रकाशित करते है, जिनकी प्रतिपूर्ति एवं पालना करना आवश्यक है।

## छूट


विद्यार्थियों को केवल ट्यूशन फीस में ही छूट दी जा सकेगी। इस हेतु महाविद्यालय ने "विद्यार्थी सहायता फण्ड" की स्थापना की है। इस फण्ड में से केवल गरीब एवं मेधावी छात्राऐं ही लाभ ले सकती है। इस फण्ड का संचालन प्राचार्य की अध्यक्षता में गठित छूट समिति द्वारा किया जाता है। महाविद्यालय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अलपसंख्यक, दिव्यांग, बीपीएल, अन्य पिछड़ा वर्ग आदि को सरकार की ओर से प्राप्त होने वाले भत्ते आदि की प्रक्रिया पूर्ण करने में मदद करती है। यह भत्ता–आदि लेने वाली छात्रा को ट्यूशन फीस में किसी प्रकार की कोई छूट नहीं दी जायेगी।



पुस्तकालय



प्रयोगशाला



कम्प्यूटर लैब

कौशलं बलम् — Industrial Training Institute — Skill India कौशल भारत - कुशल भारत

# स्वतंत्रता सैनानी चौधरी बेगाराम निजी आई.टी.आई

स्वतंत्रता सैनानी चौधरी बेगाराम आईटीआई कोलसिया

**P-0643 (PRO8001196)**

**प्रबंधित - एसएससीबीआर स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट, कोलसिया, झुन्झुनू, राजस्थान**

**सम्बद्धता - राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद्, ( NCVT ) भारत सरकार, नई दिल्ली**

स्वतंत्रता सैनानी चौधरी बेगाराम स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट, कोलसिया का गठन सन् 2007 में ''निर्बल को संबल'' बनाने के उद्देश्य से किया गया था। इसके प्रारंभिक काल में झुन्झुनू जिले के नवलगढ़ ब्लॉक में कोलसिया गांव में विद्यार्थियों को मेरिट छात्रवृत्ति वितरण किया जाता था। सन् 2009 में ग्रामीण क्षेत्र में समाज के निर्बल एवं वंचित युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से मदद करने के लिए ग्राम कोलसिया में एक निजी आईटीआई आरंभ कर ट्रस्ट ने अपने कार्यों का विस्तार किया।

ट्रस्ट द्वारा स्थापित स्वतंत्रता सैनानी चौधरी बेगाराम आईटीआई में दो वर्षीय (चार समेस्टर) एवं एकवर्षीय (दो समेस्टर) पाठ्यक्रमों के माध्यम से स्वयं कार्य करके सीखने के लिए सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक कार्य का स्वयं करके वास्तविक ज्ञान अर्जित करने का अवसर प्रदान करती है।

## उद्देश्य

1. वर्तमान औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप बहुकौशलों में प्रशिक्षित मानव शक्ति तैयार करने के लिए सूचना तकनीक, अनुशासन, कम्प्यूटर आदि का प्रशिक्षण प्रदान करना।
2. शिक्षित युवा वर्ग में बेरोजगारी की समस्या का निदान करने तथा वर्तमान रोजगार संभावनाओं में आत्मविश्वास एवं प्रतियोगी क्षमता का विकास करने के लिए स्वयं कार्य करके सीखने की पर्याप्त एवं उचित व्यवस्था करना।
3. उद्योगों के लिए प्रशिक्षित मानवशक्ति की कमी की समस्या के निदान के लिए कार्य करना।

## उपलब्ध पाठ्यक्रम

| कक्षा | पाठ्यक्रम | योग्यता | अवधि | प्रशिक्षु क्षमता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ड्राफ्ट्समैन सिविल | 10 वी | दो वर्ष ( चार समेस्टर ) | 16 + (5 x 2) = 42 |
| 2 | इलेक्ट्रीशियन | 10 वी | दो वर्ष ( चार समेस्टर ) | 16 + (5 x 2) = 42 |
| 3 | फीटर | 10 वी | दो वर्ष ( चार समेस्टर ) | 16 + (5 x 2) = 42 |
| 4 | मैकेनिक डीजल | 10 वी | एक वर्ष ( दो समेस्टर ) | 16 + (5 x 2) = 42 |

अभ्यर्थी ने 1 अगस्त 2018 को 14 वर्ष की आयु पूर्ण की हो अर्थात् 31 जुलाई 2004 के पूर्व का जन्म हुआ हो।





### चयन का तरीका एवं प्राथमिकतायें -

1. आवश्यक मूलभूत योग्यता
2. गरीब ग्रामीण युवा – महिला एवं पुरूष
3. स्वास्थ्य का आधार
4. पहले आओ – पहले पाओ
5. शराब, धुम्रपान, अन्य प्रकार के नशे की प्रवृत्ति नहीं होना।
6. प्री–आईटीआई फाउण्डेशन कोर्स में उपस्थिति होना।

### नोट-

1. चयनित अभ्यर्थी निम्नांकित प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा करेंगे –

   अ. अंतिम अध्ययन की संस्था का चरित्र प्रमाण पत्र एवं स्थानान्तरण प्रमाण पत्र

   ब. कक्षा 10 की मूल अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र

   स. निवास प्रमाण पत्र की फोटोस्टेट प्रति – आधार कार्ड, राशनकार्ड/वोटर पंजीकरण कार्ड आदि

   मूल दस्तावेज प्रशिक्षणार्थी को एसएससीबीआर– आईटीआई छोड़ने तथा समस्त देनदारियां जमा करवाने पर ही वापस दिये जा सकेगें।

ऐसे चयनित अभ्यर्थी, जिनके अभिभावक कोलसिया में निवास नहीं करते, वे कोलसिया के किसी जिम्मेदार व्यक्ति को स्थानीय संरक्षक नियुक्त करेंगे, जो कि प्रशिक्षु के अच्छे चरित्र एवं सद्व्यवहार के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी ले सके, जिसमें असफल होने पर अपने स्थानीय अभिभावक को लाये बिना कक्षा में उपस्थित नहीं हो सकेगा।

### फीस ( सत्र 2018-2019 के लिए )

| | मद | इलेक्ट्रीशियन | फीटर | ड्राफ्ट्समैन सिविल | मैकेनिक डीजल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रवेश शुल्क प्रतिवर्ष | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 |
| 2 | ट्यूशन शुल्क प्रतिवर्ष | 14,500.00 | 13,000.00 | 13000.00 | 13000.00 |
| 3 | मूल्यांकन शुल्क प्रतिवर्ष | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 |
| | कुल | 15,000.00 | 13,500.00 | 13,500.00 | 13,500.00 |

बालिकाओं के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए केवल रू. 9000/– ट्यूशन शुल्क होगा।

### ब. संपूर्ण फीस प्रवेश के समय ही जमा करनी होगी।

1. फीस राशि जमा करवाने की रसीद कार्यालय से तत्काल ही प्राप्त करें, रसीद के अभाव में जमा करवायी गयी फीस मान्य नहीं होगी।
2. परीक्षा शुल्क प्रत्येक समेस्टर की समाप्ति पर नियमानुसार जमा करवाना होगा।
3. देय होने वाला शुल्क समय–समय पर संस्था परिवर्तित कर सकेगी तथा यह परिवर्तित राशि देय होगी।

### फीस/जमा राशि वापसी

एक बार प्रवेश निश्चित होने एवं सीट तय हो जाने के बाद किसी भी स्थिति में जमा फीस/राशि वापस नहीं की जा सकेगी।

इस नियमित मूल्यांकन के निम्नांकित आधार होंगे –



1. औजार, उपकरणों एवं दिये गये कार्य के प्रति जिम्मेदारी।
2. उद्यमिता, लगन, पारंगतता एवं तीव्रता।
3. उपस्थिति में नियमितता एवं समयबद्धता।
4. स्वच्छता (स्वयं की, कार्यस्थल की, उपकरणों एवं औजारों की)
5. अर्न्तवैयक्तिक व्यवहार, जिसमें सीखने के प्रति जिज्ञासा, आज्ञाकारिता, उत्साहवर्धकता एवं संयमितता हो।
6. स्वतंत्रता एवं गणतंत्रता दिवस पर उपस्थिति।

### प्रमाण पत्र

1. पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर अस्थायी प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।
2. नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट एनसीवीटी, नई दिल्ली से प्राप्त होते ही तत्काल उपलब्ध करवा दिया जायेगा।

### ध्यान रखने योग्य बिन्दु

1. सभी विषयों की समय सारिणी का अनिवार्यत् ध्यान रखेंगे।
2. प्रत्येक विषय में 80 प्रतिशत उपस्थिति को पूरा करेंगे। समयबद्धता का पूर्ण ध्यान रखा जायेगा। देरी से आने वाले विद्यार्थियों को अभिभावक के लिखित स्पष्टीकरण के बिना कक्षा में नहीं बैठने दिया जायेगा।
3. संस्था की प्रत्येक अनुपस्थिति के लिए संबंधित अध्यापक एवं प्राचार्य से लिखित पूर्व स्वीकृति अनिवार्य होगी, चाहे वह सीमित समय के लिए ही हो।
4. संस्था के नियम, कानून, अनुशासन को मानने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।
5. किसी भी प्रकार की रैगिंग गतिविधि में संलग्न पाये जाने पर संस्था से तत्काल ही हटा दिया जायेगा।

यदि लगातार तीन महीने तक मासिक जांच–परख में अनुपस्थित रहता है, तो उसे तत्काल ही संस्था से निकाल दिया जायेगा।

### अभिभावक-अध्यापक बैठक

संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अपने पुत्र/पुत्री के साथ प्रत्येक अभिभावक तीन महीने में कम से कम एक बार प्राचार्य से अवश्य ही मुलाकात कर बच्चे की प्रगति एवं सामान्य व्यवहार की जानकारी अवश्य ही प्राप्त करते रहे।



### फोटोग्राफ एवं पहचान कार्ड

1. रंगीन फोटोग्राफ्स – पासपोर्ट साईज –12, टिकट साईज – 3
2. प्रत्येक प्रशिक्षु को एक पहचान कार्ड जारी किया जायेगा, जिसे संस्था में प्रत्येक अवसर पर साथ लाना आवश्यक होगा।

### वेशभूषा

कुर्ता/ बुशर्ट– गहरा नीला रंग, सलवार/ पेन्ट– काला रंग, चुन्नी– काला रंग, जुराब– गहरा नीला रंग, जुत्ता– काला रंग, बेल्ट एवं टाई (आईटीआई द्वारा निर्धारित)

### प्रशिक्षण

प्रशिक्षण जिसमें अंतिम समेस्टर में स्थानीय उद्योगों की विजिट शामिल होगा।



### समय

शीतकाल– प्रातःकाल 9.00 बजे से सायंकाल 5.00 बजे तक

ग्रीष्मकाल– प्रातःकाल 8.00 बजे से सायंकाल 4.00 बजे तक

### कार्य घण्टे

प्रति सप्ताह 43 घण्टे कार्य, पूरे प्रशिक्षण के दौरान निरंतर रहेंगे, जिनका विषयवार विवरण इस प्रकार है –

| | | ड्राफ्ट्समैन सिविल | इलेक्ट्रीशियन/ फीटर | मैकेनिक डीजल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रायोगिक अनुदेशन | 28 घण्टे / सप्ताह | 28 घण्टे / सप्ताह | 28 घण्टे / सप्ताह |
| 2 | सैद्धान्तिक अनुदेशन | | | |
| | अ. ट्रेड थ्योरी | 6 घण्टे / सप्ताह | 6 घण्टे / सप्ताह | 6 घण्टे / सप्ताह |
| | ब. वर्कशॉप साइन्स एण्ड कैल्कुलेशन | 02 घण्टे / सप्ताह | 02 घण्टे / सप्ताह | 02 घण्टे / सप्ताह |
| | स. इंजीनियरिंग ड्राईंग | 09 घण्टे / सप्ताह | 03 घण्टे / सप्ताह | 03 घण्टे / सप्ताह |
| 3 | एम्पलोयबिलटी स्किल | 02 घण्टे / सप्ताह ( प्रथम एवं द्वितीय समेस्टर ) | | |
| 4 | औटोकैड एवं व्यक्तित्व विकास | ( तृतीय एवं चतुर्थ समेस्टर ) | 02 घण्टे / सप्ताह | ------- |
| 5 | प्रशिक्षण, दृश्य-श्रव्य, कम्प्यूटर, अंग्रेजी | 05 घण्टे / सप्ताह | 05 घण्टे / सप्ताह | 05 घण्टे / सप्ताह |
| | | 43 घण्टे / सप्ताह | 43 घण्टे / सप्ताह | 43 घण्टे / सप्ताह |

### उपस्थिति

एनसीवीटी के नियमानुसार न्यूनतम 80 प्रतिशत उपस्थिति प्रत्येक विषय एवं समेस्टर में आवश्यक है। उपस्थिति कम होने पर प्रशिक्षणार्थी को समेस्टर परीक्षा से रोका जा सकेगा।

### अवकाश

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के नियमानुसार वर्ष भर में किसी प्रकार के कोई अवकाश देय नहीं है। संस्था वर्ष पर्यन्त निरन्तर कार्य करेगी। डीजीटी, नई दिल्ली एवं डीटीई, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार ही अवकाश देय होंगे।

### प्रगति कार्ड

संस्था द्वारा प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी के लिए प्रगति कार्ड प्रवेश की तिथि से ही संधारित किये जायेंगे। प्रत्येक विषय एवं क्षमताओं की मासिक जांच परख आयोजित की जायेगी तथा मासिक एवं त्रैमासिक आधार पर सत्रीय अंकों का लेखा–जोखा संधारित किया जायेगा।

# कमलनिष्ठा विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोलसिया

**( माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर से सम्बद्ध )**

शेखावाटी अंचल के इस गरीब–ग्रामीण ईलाके में हिन्दी माध्यम से विद्यालय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था करने के लिए जुलाई 1998 से ''कमलनिष्ठा विद्या निकेतन प्राथमिक विद्यालय'' की स्थापना की गयी। समय के झंझावतों से जुझता हुआ शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार के नियमानुसार आगे बढ़ते हुए यह विद्यालय क्रमोन्नति करता हुआ आज उच्च माध्यमिक स्तर की विद्यालयी शिक्षा की कला एवं विज्ञान संकाय में व्यवस्था कर रहा है, जो कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर से सम्बद्ध है। सन् 2013 से प्राथमिक स्तर की अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा की व्यवस्था की गयी है।






## उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययन–अध्यापन के विषय

| पाठ्यक्रम | ऐच्छिक विषय समूह |
|---|---|
| कला संकाय | निम्नांकित तीनों समूह में से एक–एक विषय लेना अनिवार्य है–<br>समूह अ. – हिन्दी साहित्य / अंग्रेजी साहित्य<br>समूह ब. – इतिहास / समाजशास्त्र / भूगोल / संगीत कला<br>समूह स. – गृह विज्ञान / चित्रकला |
| विज्ञान संकाय | निम्नांकित तीनों समूह में से कोई एक समूह लेना अनिवार्य है–<br>समूह अ. – रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित<br>समूह ब.– रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान<br>समूह स.– रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कृषि विज्ञान |

उक्त विषयों के अतिरिक्त हिन्दी, अंग्रेजी, पर्यावरण अध्ययन, कम्प्यूटर विज्ञान को भी अनिवार्य सामान्य विषय के रूप में अध्यापन करवाया जाता है।

## फीस

### प्रथम किश्त ( प्रवेश के समय )

| सभी कक्षाओं के लिए | प्रवेश शुल्क | परिचय पत्र | खेलकूद | विकास शुल्क | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| | 500 | 1000 | 100 | 300 | 1000 |

## फीस किश्तें

| कक्षा | Ist Installment | हिन्दी माध्यम | | English Medium | |
|---|---|---|---|---|---|
| | प्रथम किश्त ( प्रवेश के समय ) | द्वितीय किश्त ( 15 अक्टूबर तक ) | तृतीय किश्त ( 20 फरवरी तक ) | IInd Installment (up to 15 Oct.) | IIIrd Installment (up to 20 Feb.) |
| 1 | 1000 | 2500 | 1500 | 3200 | 3000 |
| 2 | 1000 | 2500 | 2000 | 3500 | 3000 |
| 3 | 1000 | 3000 | 2000 | 4000 | 3000 |
| 4 | 1000 | 3000 | 2500 | 4000 | 3500 |
| 5 | 1000 | 3500 | 2500 | 4500 | 3500 |
| 6 | 1000 | 3500 | 3000 | Nur. 3000 | 2200 |
| 7 | 1000 | 4000 | 3000 | LKG 3000 | 2500 |
| 8 | 1000 | 4000 | 3500 | UKG 3000 | 2800 |
| 9 | 1000 | 4500 | 3500 | | |
| 10 | 1000 | 4500 | 4000 | | |
| 11 कला | 1000 | 5000 | 4500 | | |
| 11 विज्ञान | 1000 | 5500 | 5000 | | |
| 12 कला | 1000 | 5000 | 5000 | | |
| 12 विज्ञान | 1000 | 6000 | 5000 | | |

**नोट-**

1. फीस राशि जमा करवाने की रसीद तत्काल ही प्राप्त करें, रसीद के अभाव में फीस जमा नहीं मानी जायेगी।
2. फीस राशि निर्धारित तिथि को अथवा उससे पूर्व जमा करनी होगी।
3. निर्धारित तिथि तक फीस जमा नहीं करवाने पर संस्था द्वारा निर्धारित अर्थदण्ड प्रतिदिन के हिसाब से देना होगा।
4. देय होने वाला शुल्क समय–समय पर संस्था परिवर्तित कर सकेगी तथा यह परिवर्तित राशि देय होगी।

**फीस/जमा राशि वापसी**

एक बार प्रवेश निश्चित होने एवं सीट तय हो जाने के बाद किसी भी स्थिति में जमा फीस/राशि वापस नहीं की जा सकेगी।

**प्रवेश स्थानान्तरण/निरस्तता**

निर्धारित दिवस तक विद्यालय के समस्त फीस आदि जमा करवाने के बाद ही प्रवेश स्थानान्तरण/निरस्त की अनुमति है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्रवेश स्थानान्तरण/निरस्तता संभव नहीं होगा।

**विषय परिवर्तन**

शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार एवं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा निर्धारित नियमों की सीमा में विशेष परिस्थिति में प्रवेश तिथि के एक माह तक अथवा 31 जुलाई, दोनों में से जो भी पहले हो, तक विषय परिवर्तन स्वीकार किये जा सकेंगे, जो कि रू. 300/– शुल्क के साथ लिखित आवेदन किये जाने पर ही हो सकेगा।

**चयन का तरीका एवं प्राथमिकतायें**

1. आवश्यक मूलभूत योग्यता
2. गरीब–ग्रामीण बालक–बालिका
3. पहले आओ – पहले पाओ

नोट–

1. चयनित अभ्यर्थी निम्नांकित प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा करेंगे –
   अ. अंतिम अध्ययन की अंकतालिका एवं विद्यालय से स्थानान्तरण प्रमाण पत्र
   स. निवास प्रमाण पत्र की फोटोस्टेट प्रति – आधार कार्ड, राशन कार्ड/वोटर पंजीकरण कार्ड आदि

**फोटोग्राफ एवं पहचान कार्ड**

1. रंगीन फोटोग्राफ्स – पासपोर्ट साईज – 3, टिकट साईज – 3
2. प्रत्येक विद्यार्थी को एक पहचान कार्ड जारी किया जायेगा, जिसे संस्था में प्रत्येक अवसर पर साथ लाना आवश्यक होगा।

**वेशभूषा-**

कुर्ता/ शर्ट– आसमानी नीला रंग, सलवार/ पेन्ट–गहरा नीला रंग, चुन्नी– नीला रंग, जुराब– गहरा नीला रंग, जुता– काला रंग, बेल्ट एवं टाई (विद्यालय द्वारा निर्धारित)

**उपस्थिति**

शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार की परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रत्येक विषय में अलग–अलग 75 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य है।

**छात्रवृति**

अ. संस्थागत छात्रवृति

मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से निर्धारित छात्रवृति प्रतिवर्ष दी जायेगी। इसका निर्धारण संस्था द्वारा गठित समिति द्वारा निश्चित किये गये नियमों के अनुसार किया जाता है। इसके अतिरिक्त अकादमिक, खेलकूद तथा अन्य पाठ्य–सहगामी गतिविधियों में विशेष उपलब्धि अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को भी समय–समय पर विद्यालय द्वारा सम्मानित किया जाता है।

ब. विभागीय छात्रवृत्ति

उक्त के अतिरिक्त केन्द्र/राज्य सरकार अथवा अन्य चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से देय होने वाली छात्रवृत्ति के लिए योग्यताधारी छात्राओं द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। इस हेतु समय–समय पर संबंधित विभाग अपने नियम प्रकाशित करता है, जिनकी प्रतिपूर्ति एवं पालना करना आवश्यक है।

### छूट

विद्यार्थियों को केवल ट्यूशन फीस में ही छूट दी जा सकेगी। इस हेतु विद्यालय ने ''विद्यार्थी सहायता फण्ड'' की स्थापना की है। इस फण्ड में से केवल गरीब एवं मेधावी विद्यार्थी ही लाभ ले सकते है। इस फण्ड का संचालन प्राचार्य की अध्यक्षता में गठित छूट समिति द्वारा किया जाता है। विद्यालय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अलपसंख्यक, दिव्यांग, बीपीएल अन्य पिछड़ा वर्ग आदि को सरकार की ओर से प्राप्त होने वाले भत्ते आदि की प्रक्रिया पूर्ण करने में मदद करती है। यह भत्ता–आदि लेने वाले विद्यार्थी को ट्यूशन फीस में किसी प्रकार की कोई छूट नहीं दी जायेगी।

### पुस्तकालय

पुस्तक ज्ञान की अथाह भण्डार होती है, के संप्रत्यय को छात्राओं में उत्पन्न करने तथा पुस्तकों से जुड़ने का भाव जगाने के लिये संस्थान ने अपने आरंभकाल से ही ''ग्रामीण स्वाभिमान बालपुस्तकालय'' की स्थापना कर संचालित कर रही है। यह पुस्तकालय वर्तमान में विविध प्रकार की सात हजार से अधिक पुस्तकों का संग्रह है, जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

### विज्ञान प्रयोगशाला

महाविद्यालय में संचालित सभी प्रायोगिक विषयों के लिये प्रयोगशाला स्थापित की गयी हैं। इनमें भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गृह विज्ञान, भूगोल आदि की अलग–अलग सुसज्जित प्रयोगशालाएँ प्रमुख है। विभाग द्वारा पाठ्य क्रम में निर्धारित प्रयोग सभी संबंधित विद्यार्थियों को विशेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा पूर्ण करवाये जाते हैं।

### कम्प्युटर लैब

'डिजिटल इण्डिया' के युग में विद्यार्थियों को सूचना एवं प्रौद्योगिकी से जोड़ने के लिये कम्प्यूटर के प्रशिक्षण तथा कम्प्युटर के माध्यम से प्रशिक्षण की व्यवस्था इन्टरनेट की सुविधा युक्त सुसज्जित कम्प्यूटर प्रयोगशाला द्वारा बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध करवायी जा रही है।

### पाठ्य सहगामी गतिविधि

अ. भारत स्काउट एवं गाइडए ब. रेडियो क्लब स. चर्चिका (प्रकाशन) द. खेलकूद गतिविधि

नोट– प्रत्येक विद्यार्थी को उक्त में से किसी–न–किसी एक गतिविधि में अवश्य ही भाग लेना चाहिए।

### समय

शीतकाल– प्रातःकाल 9.00 बजे से सायंकाल 4.00 बजे तक

ग्रीष्मकाल – प्रातःकाल 8.00 बजे से सायंकाल 3.00 बजे तक

### ध्यान रखने योग्य बिन्दु

1. सभी विषयों की समयसारिणी का अनिवार्यत् ध्यान रखेंगे।
2. प्रत्येक विषय में 75 प्रतिशत उपस्थिति को पूरा करेंगे। समयबद्धता का पूर्ण ध्यान रखा जायेगा। देरी से आने वाले विद्यार्थियों को अभिभावक के लिखित स्पष्टीकरण के बिना कक्षा में नहीं बैठने दिया जायेगा।
3. संस्था की प्रत्येक अनुपस्थिति के लिए संबंधित अध्यापक एवं प्राचार्य से लिखित पूर्व स्वीकृति अनिवार्य होगी, चाहे वह सीमित समय के लिए ही हो।
4. संस्था के नियम, कानुन, अनुशासन को मानने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।
6. यदि कोई विद्यार्थी लगातार तीन महीने तक मासिक जांच–परख में अनुपस्थित रहता है, तो उसे तत्काल ही संस्था से निकाल दिया जायेगा।

### अभिभावक–अध्यापक बैठक

संस्था में अध्ययनरत आपकी पुत्र/पुत्री के साथ प्रत्येक अभिभावक तीन महीने में कम से कम एक बार प्राचार्य से अवश्य ही मुलाकात कर बच्चे की प्रगति एवं सामान्य व्यवहार की जानकारी प्राप्त करते रहे।

# कमलनिष्ठा - ओडीएल

## ( विद्यालयी एवं उच्च शिक्षा के लिए मुफ्त शिक्षा कार्यक्रम )

समाज की प्रगति के अंतिम छोर पर बसे व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए "Reached to Unreached" के मिशन को साकार करने के लिए कमलनिष्ठा संस्थान ने अपने आरंभ काल से ही मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा माध्यमों को प्रस्तुत किया है। इस दिशा में संस्थान ने समय–समय पर क्षेत्र की आवश्यकतानुसार विभिन्न विभागों, विश्वविद्यालयों से सहभागिता की है, जिनमें **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ( इग्नू ), राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान ( एनआईओएस ), आईएएसई मान्य विश्वविद्यालय, जैन विश्वभारती मान्य विश्वविद्यालय** प्रमुख है। संस्थान ने राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के **''आधारभूत मुक्त शिक्षा ( ओबीई ) कार्यक्रम''** के लिए प्रायोगिक संस्था की भूमिका निर्वहन की है तथा एकवर्षीय कार्यक्रम **''मैटल फैब्रिकेशन एण्ड वैल्डिंग टेक्नोलोजी''** का पाठ्यक्रम एवं विषय वस्तु लेखन करने की जिम्मेदारी भी सफलतापूर्वक पूर्ण की है।

वर्तमान में कमलनिष्ठा संस्थान द्वारा निम्नांकित पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है–

## राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान ( एनआईओएस ), नोयडा

**www.nios.ac.in**

### ( अ ) अकादमिक अध्ययन केन्द्र (AI-170110)

| पाठ्यक्रम | प्रवेश योग्यता | आवश्यक दस्तावेज | प्रवेश तिथियां |
|---|---|---|---|
| कक्षा- 10 | कोई नहीं | आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, दो फोटो | वर्ष पर्यन्त |

### ( ब ) व्यावसायिक अध्ययन केन्द्र (AVI-670012)

| पाठ्यक्रम | अवधि | प्रवेश योग्यता | आवश्यक दस्तावेज | प्रवेश तिथियां |
|---|---|---|---|---|
| अर्लीचाइल्ड हुड केयर एज्यूकेशन ( ईसीसीई ) | एक वर्ष | 10 पास | आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, योग्यता प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, दो फोटो | वर्ष पर्यन्त |
| कारपेन्टरी | एक वर्ष | 8 पास | | |
| कटिंग, टेलरिंग एण्ड ड्रेस मैकिंग | एक वर्ष | साक्षर | | |
| फूड प्रोसेसिंग | एक वर्ष | 10 पास | | |
| प्लाण्ट प्रोटेक्शन | एक वर्ष | 10 पास | | |
| सर्टिफिकेट इन योगा | छः माह | 8 पास | | |
| ब्युटीकल्चर | छः माह | 8 पास | | |
| पलम्बरिंग | छः माह | 8 पास | | |

## ( स ) आधारभूम मुक्त शिक्षा ( ओबीई ) अध्ययन केन्द्र (OBE-1700200)

| पाठ्यक्रम | प्रवेश योग्यता | आवश्यक दस्तावेज | प्रवेश तिथियां | परीक्षा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| स्तर - अ ( कक्षा-3 के बराबर ) | कोई नहीं | आधार कार्ड<br>जन्म प्रमाण पत्र<br>पहचान पत्र<br>दो फोटो | अप्रेल - मई प्रतिवर्ष | आगामी फरवरी माह |
| स्तर - ब ( कक्षा-5 के बराबर ) | कोई नहीं | | | |
| स्तर - स ( कक्षा-8 के बराबर ) | कोई नहीं | | | |

## जैन विश्वभारती मान्य विश्वविद्यालय, लाडनू ( नागौर )

### ( यूजीसी एवं दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो द्वारा मान्य )

| पाठ्यक्रम | प्रवेश योग्यता | आवश्यक दस्तावेज | प्रवेश तिथियां |
|---|---|---|---|
| बीपीपी | कोई नहीं | | बिना विलम्ब शुल्क-<br>31 दिसम्बर<br>रू. 200/-<br>विलम्ब शुल्क-<br>31 जनवरी<br>रू. 500/-<br>विलम्ब शुल्क-<br>28 फरवरी |
| बी.ए. | 10+2/ बीपीपी | आधार कार्ड<br>जन्म प्रमाण पत्र<br>योग्यता प्रमाण पत्र<br>पहचान पत्र<br>दो फोटो | |
| बी. कॉम | 10+2 | | |
| एम.ए. ( हिन्दी ) | त्रिवर्षीय स्नातक | | |
| एम.ए. ( अंग्रेजी ) | त्रिवर्षीय स्नातक | | |
| एम.ए. ( शिक्षा ) | त्रिवर्षीय स्नातक | | |
| एम.ए. ( योगा ) | त्रिवर्षीय स्नातक | | |



# अब एक साथ दो डिग्री

विशेष संवाददाता | नई दिल्ली

एक साथ दो डिग्री कोर्स करने की ख्वाहिश रखने वाले स्टूडेंट्स का सपना अब हकीकत बनने जा रहा है। दरअसल, इस प्रस्ताव को यूजीसी ने अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। लंबे वक्त से स्टूडेंट्स और संस्थाओं की मांग थी कि अपने यहां एक साथ दो डिग्री कोर्स करने या दो रेगुलर कोर्स करने की इजाजत दी जाए। यूजीसी ने इसके लिए एक एक्सपर्ट पैनल गठित किया, जिसने पिछले दिनों अपनी सिफारिशें दीं। इसके बाद आखिर यूजीसी इसके लिए राजी हो गई।

नए फैसले के मुताबिक, अब कोई भी छात्र एक रेगुलर डिग्री कोर्स के साथ दूसरा डिग्री कोर्स डिस्टेंस लर्निंग या ओपन लर्निंग माध्यम से उसी या किसी दूसरे संस्थान से कर सकता है। इसी तरह एक रेगुलर कोर्स करने के साथ कोई भी स्टूडेंट उसी संस्थान या दूसरे संस्थान से सर्टिफिकेट, डिप्लोमा व पीजी डिप्लोमा रेगुलर, डिस्टेंस लर्निंग या ओपन लर्निंग के जरिए कर सकता है।

**एक साथ दो रेगुलर डिग्री कोर्स नहीं :** एक साथ दो रेगुलर डिग्री या दो रेगुलर डिप्लोमा कोर्स नहीं किया जा सकता। इतना ही नहीं, इसी फैसले के तहत यूजीसी ने जॉइंट डिग्री के प्रावधान को भी मंजूरी दे दी है। इसके तहत, अब कोई भी स्टूडेंट एक से ज्यादा इंस्टिट्यूट से संयुक्त तौर पर डिग्री ले सकेगा। इसके लिए वह एक से ज्यादा संस्थानों में उसे पढ़ाई की सुविधा दी जाएगी। गौरतलब है कि अभी तक अपने यहां कोई भी दो कोर्स एक साथ करने की इजाजत नहीं थी।

**कब से होगा लागू :** जॉइंट डिग्री के लिए यूनिवर्सिटीज को मौजूदा ऑर्डिनेंस में बदलाव करने होंगे। सूत्रों के मुताबिक, यूजीसी ने इसे यूनिवर्सिटीज पर छोड़ा गया है कि वह मौजूदा सेशन से अमल शुरू करती हैं या अगले सेशन से।

- यूजीसी ने दी सैद्धांतिक मंजूरी
- रेगुलर डिग्री कोर्स के साथ दूसरा डिग्री कोर्स डिस्टेंस लर्निंग या ओपन लर्निंग से उसी या किसी दूसरे संस्थान से कर सकेंगे



**यूजीसी के निर्देश...**

# दूरस्थ शिक्षा की डिग्री को बराबर मान्यता मिले

नई दिल्ली @ पत्रिका. यूजीसी ( विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ) ने निर्देश जारी कर कहा है कि देश में दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से हासिल किए गए डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स को भी नियमित कोर्स के बराबर मान्यता दी जाए।

यूजीसी के अनुसार भारत सरकार ने मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका की कल्पना की है। ऐसे में नियुक्ति, पदोन्नति या उच्च शिक्षा में दूरस्थ शिक्षा से प्राप्त डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट को मान्यता न देना या कम मान्यता देना इस माध्यम के उद्देश्यों को हरा देगा। इसलिए यूजीसी या डीईसी से मान्यता प्राप्त किसी भी डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट को नियमित कोर्स के बराबर मान्यता दी जाए। गत वर्ष यूजीसी ( मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा ) नियमन 2017 को अधिसूचित किया है।

# कमलवाणी रेडियो 90.4 FM

90.4 FM KV Radio

## शेखावाटी की शान–ओ–आवाज़







**Contact :** 01594-298084/298085/276484/276284/9001005900
**E-mail:** kninfo91@gmail.com, srdwcollege@gmail.com
**Website:** www.kamalnishtha.org, **Google App -** kamalvani
**Facebook :** kamalnishthasansthan, **Twitter :** @kamalvaniradio
**Utube :** Kamalvani, **Ham Call Sign -** VU3UWG